## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 24.10.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में सत्रहवें राष्ट्रीय रोज़गार मेले में कहा– रोज़गार मेले युवाओं के सपनों को साकार करने का माध्यम बन गए हैं।
2. वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि जीएसटी परिषद ने जीएसटी पंजीकरण प्रक्रिया को सरल, सहज और अधिक पारदर्शी बनाने के उपायों को मंजूरी दे दी है।
3. पर्यटन को बढ़ावा देने की पहल के तहत जहाज एम.वी. सिंधु आज रात नौ बजे बैरन द्वीप के लिए एक विशेष राउंड वॉयेज क्रूज़ यात्रा पर रवाना होगा।
4. भ्रष्टाचार निवारण इकाई द्वारा सत्ताईस अक्टूबर से दो नवम्बर तक "सतर्कता जागरूकता सप्ताह" मनाया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि रोजगार मेले युवाओं के सपनों को पूरा करने का माध्यम बन चुके हैं। आज नई दिल्ली में आयोजित 17वां राष्ट्रीय रोजगार मेला के दौरान श्री मोदी ने वीडियो संदेश में यह बात कही। कार्यक्रम के दौरान रोजगार मेला पहल के अंतर्गत विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नव–नियुक्त कर्मियों को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र सौंपे गये। श्री मोदी ने कहा कि इन रोज़गार मेलों के माध्यम से ही 11 लाख से ज़्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। प्रधानमंत्री ने 'विकसित भारत योजना' की भी शुरुआत की। इसका लक्ष्य साढे तीन करोड़ युवाओं को रोज़गार प्रदान करना है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों से देश विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा

है और इसमें युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं को सशक्त बनाना भाजपा—एनडीए सरकार की प्राथमिकता है। श्री मोदी ने इस बात पर बल दिया कि स्टील इंडिया मिशन जैसे अभियान युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करते हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि देश को विकासशील भारत बनाने के लिए महिलाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महिला नेतृत्व वाला समाज अधिक मानवीय और प्रभावी होगा। राष्ट्रपति आज केरल के एर्नाकुलम स्थित सेंट टेरेसा कॉलेज के शताब्दी समारोह का उद्घाटन कर रही थीं। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने केरल की उन महिलाओं को याद किया जिन्होंने राष्ट्र निर्माण और सामाजिक—आर्थिक सुधारों में उत्कृष्टता के उदाहरण प्रस्तुत किए हैं।

<><><><><><><>

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि जीएसटी परिषद ने जीएसटी पंजीकरण प्रक्रिया को सरल, सहज और अधिक पारदर्शी बनाने के उपायों को मंजूरी दे दी है। उन्होंने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर तथा सीमा शुल्क बोर्ड और केंद्रीय वस्तु तथा सेवा कर क्षेत्रीय संरचनाओं द्वारा अगली पीढ़ी के कर सुधारों की गति बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। वित्त मंत्री ने आज गाजियाबाद में नए सी जी एस टी भवन का उद्घाटन करते हुए कहा कि देश भर के जीएसटी सेवा केंद्रों में पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती, सुगम्यता और उचित रखरखाव सुनिश्चित किया जाएगा ताकि करदाताओं को समय पर और गुणवत्तापूर्ण सहायता मिल सके।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार प्रशासन की पर्यटन को बढ़ावा देने की पहल के तहत जहाज एम.वी. सिंधु आज रात नौ बजे हैडो वार्फ से बैरन द्वीप के लिए एक विशेष राउंड वॉयेज क्रूज़ यात्रा पर रवाना होगा। इस अनूठी क्रूज़ यात्रा का उद्देश्य द्वीप समूह में पर्यटन को नई दिशा देना और स्थानीय एवं बाहरी पर्यटकों को ज्वालामुखी बैरन द्वीप की प्राकृतिक सुंदरता से अवगत कराना है। जहाज़ पर पूरी सुरक्षा के साथ संगीत  मनोरंजन, भोजन तथा विस्मयकारी नजारों को देखने की व्यवस्था की गई है। इस सिलसिले में आज रात आठ बजे ध्वजारोहण समारोह का आयोजन होगा।

<><><><><><><>

वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे बचत उत्सव नाम दिया था। द्वीपसमूह में सामान्य वस्तुओं पर जी एस टी सुधार के बाद मिलने वाले लाभ के बारे में बताते हुए स्थानीय महिला ने अपने विचार साझा किए–

<><><><><><><>

भ्रष्टाचार निवारण इकाई द्वारा सत्ताईस अक्टूबर से दो नवम्बर तक "सतर्कता जागरूकता सप्ताह" मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय है — "सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी"। इस दौरान सुशासन, पारदर्शिता, जवाबदेही और निवारक सतर्कता के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। भ्रष्टाचार के किसी भी मामले की सूचना पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक इकाई के ईमेल या फोन पर दी जा सकती है।

<><><><><><><>

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा "लक्षित क्षेत्रों में उच्च विद्यालयों में छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा योजना को शैक्षणिक वर्ष दो हजार बाईस – तेईस से केंद्रीय क्षेत्र की योजना के रूप में लागू किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य देशभर के सर्वश्रेष्ठ निजी आवासीय विद्यालयों में मेधावी अनुसूचित जाति छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के लिए आवेदन करने वाले एस सी विद्यार्थियों को सूचित किया गया है कि एन टी ए द्वारा परीक्षा दिसंबर दो हजार पच्चीस में आयोजित की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन पोर्टल तीस अक्टूबर, शाम पाँच बजे तक खुला रहेगा।

<><><><><><>

दसवें आयुर्वेद दिवस के उत्सव के अंतर्गत "लोगों और ग्रह के लिए आयुर्वेद" थीम पर आयुष विंग, डीएचएस एवं अंडमान और निकोबार राज्य आयुष सोसायटी द्वारा औषधीय पौधों के भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह भ्रमण कार्यक्रम द्वीप एग्रो इको वॉक, सिप्पीघाट और क्यारी परिसर, गराचारमा में आयोजित हुआ, जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर, पत्थरगड्डा के कुल अठासी विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों, आयुष अस्पताल के चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अजित अरुण वामन ने छात्रों के साथ संवाद सत्र आयोजित किया।

<><><><><><>

मौसम विभाग के अनुसार, आज और कल निकोबार द्वीप के एक या दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा तथा अंडमान द्वीप के एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान आज और कल अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ हवाओं के साथ

आंधी–तूफान और बिजली गिरने की भी आशंका जताई गई है। मछुआरों को 27 अक्टूबर तक अंडमान सागर में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

कल आयोजित होने वाली दक्षिण अंडमान जिला तीरंदाजी चैम्पियनशिप और छब्बीस अक्टूबर को होने वाली अस्मिता रग्बी लीग को तीरंदाजी एसोसिएशन अंडमान निकोबार और रग्बी एसोसिएशन द्वारा मौजूदा मौसम की स्थिति के कारण स्थगित कर दिया गया है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत डिगलीपुर में ”बीमारियों की रोकथाम तथा मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करने में ग्राम पंचायतों की भूमिका“ विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डिगलीपुर ब्लॉक के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रधान, पंचायत सचिव, ए एन एम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के सदस्य शामिल हुए।

<><><><><><><>